# बर्फबारी ने हर्षिल घाटी की खूबसूरती में लगाए चार चांद, पर्यटकों का उमड़ा हुजूम

**बर्फबारी**

उत्तरकाशी। **संवाददाता**



हर्षिल में बर्फबारी का आनंद लेते पर्यटक।

जनपद में हुई सीजन की पांचवी बर्फबारी ने एक बार फिर ठंड बढ़ा दी है। तो वहीं हर्षिल घाटी में भी मंगलवार सुबह से ही लगातार बर्फबारी जारी है. जिसके बाद बर्फबारी को देखने के लिए हर्षिल घाटी में पर्यटकों की आवाजाही शुरू हो गई है।

वहीं देश के विभिन्न हिस्सों से हर्षिल घाटी पहुंचे पर्यटकों का कहना है कि यह उनके लिए ये एक अलग अनुभव है। साथ ही कई पर्यटकों ने बताया कि उन्होंने जीवन में पहली बार बर्फबारी होते हुए देखी है। बता दें कि हर्षिल घाटी के अलावा मोरी और बड़कोट में सुबह से ही लगातार बर्फबारी जारी है। जिसके तहत क्षेत्र में शीतकालीन पर्यटन का आयोजन किया गया है, जिसमें पर्यटक हर्षिल घाटी से रूबरू हो रहे हैं। वहीं हर्षिल घाटी में वेयर ईगल डेयर की ओर से स्नो स्ट्रोम कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें पर्यटकों को हर्षिल घाटी में बर्फबारी के बीच स्नो बाइक राइडिंग के गुर सिखाए जा रहे हैं। साथ ही पर्यटक हर्षिल घाटी की ग्रामीण जीवन शैली से भी रूबरू हो रहे हैं।

# सीएए के खिलाफ दिया धरना




**संवाददाता** देहरादून। भले ही मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत के तल्ख तेवरों के बाद सीएए और एनआरसी के विरोध में हल्द्वानी में मुस्लिम समुदाय की महिलाओं ने अपना अनिश्चित कालीन धरना समाप्त कर दिया हो लेकिन राज्य में नागरिकता कानून पर विरोध थमने का नाम नहीं ले रहा है। राजधानी के परेड ग्रांउड स्थित धरना स्थल पर आज भी मुस्लिम समुदाय के लोगों ने खराब मौसम के बावजूद भी इसके खिलाफ धरना दिया। जिसमें बड़ी संख्या में मुस्लिम महिलाओं ने शिरकत की, धरने में बच्चे भी शामिल थे। सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए इन्होने सीएए और एनआरसी को तुरन्त वापस लेने की मांग की है। उनका कहना है कि सरकार जब तक इस काले कानून को वापस नहीं लेगी उनका आंदोलन जारी रहेगा।



**Page Three**

**Classified**

**Adds can be booked under these Categories : (all day publication)**

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

**Matrimonial (Sunday Only)**



**अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द**


# श्रम कार्ड के पंजीकरण के लिए कॉमन सर्विस सेन्टर का भी उपयोग होगा

## केवल पात्र श्रमिकों को ही श्रमिक हितों से सम्बन्धित योजनाओं का लाभ दिया जायेगाः रावत

**बैठक**

**संवाददाता**



श्रमिक बोर्ड की बैठक लेते विभागीय मंत्री हरक सिंह रावत।

देहरादून। श्रम, सेवायोजन मंत्री डॉ0 हरक सिंह रावत ने विधान सभा सभाकक्ष में श्रमिक बोर्ड की बैठक ली। श्रम मंत्री डॉ. हरक सिंह रावत ने कहा कि श्रमिक योजनाओं का लाभ सही व्यक्ति तक पहुंचना जरूरी है। इसलिए केवल पात्र श्रमिकों को ही श्रमिक हितों से सम्बन्धित योजनाओं का लाभ दिया जायेगा।

बैठक में श्रम कार्ड के पंजीकरण के लिए कॉमन सर्विस सेन्टर का भी उपयोग करने का निर्णय लिया गया। श्रम मंत्री डॉ. हरक सिंह रावत ने कहा कि श्रमिकों के हितों की सुरक्षा के लिए केवल पात्र व्यक्ति का ही पंजीकरण किया जायेगा। अपात्र पंजीकरण की जांच के लिए सहायक श्रमायुक्त को अधिकृत करते हुए निर्देश दिया गया कि अनिवार्य रूप से प्रतिमाह 10 श्रमिक कार्ड की जांच औचक आधार पर तथा समस्त पंजीकरण की जांच गुण–दोष के आधार पर किया जायेगा तथा पंजीकरण गलत पाये जाने पर इसे निरस्त किया जायेगा। श्रम विभाग में नये सृजित पदों पर कार्य करने वाले अधिकारियों को संसाधन एवं स्टॉफ प्रदान करने का निर्णय लिया गया।

बैठक में कहा गया कि सहायक श्रमायुक्त नियमानुसार वाहन टैक्सी किराये पर ले सकते हैं एवं लिपिक स्टॉफ तैनात कर सकते हैं। बैठक में कहा गया कि श्रमिकों से सम्बन्धित योजनाओं का लाभ डीबीटी के माध्यम से दिया जायेगा।

उप श्रमायुक्त एवं सहायक श्रमायुक्त को इसकी समीक्षा करने का निर्देश दिया गया एवं कहा गया कि आवेदन प्राप्त होने के एक माह के भीतर ही लाभार्थियों के खाते में पैंसा पहुंच जाना चाहिए। योजनाओं से सम्बन्धित सामान वितरण के लिए कार्य करने वाले एजेंसी को निर्देश दिया गया कि वे कार्यक्रम से सम्बन्धी कलेण्डर बोर्ड को सूची उपलब्ध करायेंगे। इस अवसर पर सचिव श्रम हरबंस सिंह चुघ, अपर सचिव श्रम उमेश नारायण पाण्डेय, श्रम आयुक्त डॉ. आनन्द, उप श्रमायुक्त, विपिन, अशोक बाजपेयी और सहायक श्रमायुक्त उमेश राय मौजूद थे।

# बीस सूत्री कार्यक्रम की योजनाओं की समीक्षा की गई

**संवाददाता**



राज्य स्तरीय बीस सूत्री कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति के अध्यक्ष नरेश बंसल बैठक की अध्यक्षता करते हुए।

देहरादून। उपाध्यक्ष, (कैबिनेट मंत्री स्तर) राज्य स्तरीय बीस सूत्री कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति नरेश बंसल की अध्यक्षता में बीस सूत्री कार्यक्रम की योजनाओं के साथ–2 भारत सरकार की प्राथमिकता के अन्तर्गत यथा–जनधन, उज्जवला, सौभाग्य योजना, अटल उत्तराखण्ड आयुष्मान योजना, कौशल विकास, एन0यू0एल0एम0, किसानों की आय दोगुनी करने के प्रयासों के अन्तर्गत मृदा स्वास्थ्य परीक्षण, ई–नाम तथा उर्वरकों के सिमित उपयोग से उत्पादन में वृद्वि, अटल नवीकरणीय व शहरी परिवर्तन के घटकों व उरेडा की संचालित योजनाओं के साथ–साथ सतत् विकास लक्ष्यों के अन्तर्गत गहन चर्चा समीक्षा बैठक की गयी।

दून में बीस सूत्री कार्यक्रम के अन्तर्गत 'सी' व 'डी' श्रेणी वर्गीकृत योजनाओं के अनुसार 'डी' श्रेणी में वर्गीकृत प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के 135 किमी0 लक्ष्य के सापेक्ष मात्र 56 किमी0 सड़क निर्मित होने पर चिन्ता व्यक्त करते हुए निर्देश दिए गए कि मार्च 2020 तक लक्ष्यों को प्राप्त कर लिया जाय जिस पर संबन्धित नोडल अधिकारी द्वारा अवगत कराया कि 2 योजनाओं के वन अधिनियम से वाधित संस्तुति मिल जाने पर मार्च तक लक्ष्यों को पूर्ण कर लिये जाने का आश्वासन दिया गया। 'सी' श्रेणी में वर्गीकृत योजनायें एनआरएलएम के अन्तर्गत रिवाल्विंग व सामुदायिक निवेश प्राप्त स्वयं सहायता समूह की प्रगति लक्ष्य संशोधन के उपरान्त भी मानक के अनुसार न होने पर पूछे जाने पर मुख्य विकास अधिकारी देहरादून द्वारा अवगत कराया गया कि भारत सरकार स्तर से धनराशि प्राप्त कम होने के कारण आशातीत प्रगति नहीं हो पायी जिस पर उपाध्यक्ष द्वारा शीघ्र धनराशि उपलब्ध कराये जाने हेतु शासन स्तर पर प्रस्ताव प्रेषित किए जाने के निर्देश दिए गए।

# गुल्लर घाटी में विधिक जागरूकता शिविर आयोजित

**संवाददाता** देहरादून। सिविल जज सीडी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नेहा कुशवाहा ने अवगत कराया है कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देहरादून के द्वारा आज रामा गार्डन गुल्लर घाटी में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया जिसमें पशुपालन, श्रम, खादी ग्राम उद्योग, जिला पूर्ति, कृषि सेवायोजन, राजस्व, समाज कल्याण, बाल विकास विभाग में संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। इस अवसर पर राजकीय दून मेडिकल कॉलेज के चिकित्सकों द्वारा उपस्थित व्यक्तियों का स्वास्थ्य परीक्षण के साथ ही निशुल्क दवाइयां भी वितरित की गयी, शिविर में रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया गया जिसमें 4 लोगों द्वारा स्वेच्छा से रक्तदान किया गया। इस अवसर पर 300 लोगों के आयुष्मान कार्ड बनाए गए। शिविर में श्रम विभाग द्वारा 20 लोगों के पंजीकरण फॉर्म भरवाए गए, खादी ग्राम उद्योग द्वारा लोगों को स्वरोजगार की जानकारी दी गई, जिला पूर्ति विभाग द्वारा लगभग 16 व्यक्तियों केराशन कार्ड हेतु फॉर्म भरवाए गए। विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

## न्यूज डायरी

### विद्यार्थियों ने दी देशभक्ति पर आधारित कार्यक्रमों की प्रस्तुति

**संवाददाता** देहरादून। तुलाज इंस्टीट्यूट ने कॉलेज परिसर में 71वां गणतंत्र दिवस बड़े धूम धाम से मनाया। कार्यक्रम की शुरुआत निदेशक तुलाज इंस्टीट्यूट डॉ सुरेश कुमार द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराने के साथ हुई जिसके बाद राष्ट्रगान का गायन किया गया। समारोहों को चिह्नित करने के लिए, तुलाज इंस्टीट्यूट के विबग्योर क्लब ने कई सांस्कृतिक प्रदर्शन आयोजित किए। मंच, एक्सप्रेसो और सरगम जैसे विबग्योर के विभिन्न उप क्लबों के प्रतिभागियों ने मंच पर अपनी देशभक्ति का प्रदर्शन किया। मनचन ने आज की स्वतंत्रता की सच्चाई को उजागर करते हुए एक प्रेरणादायक प्रदर्शन दिया। उपस्थित लोगों द्वारा प्रदर्शन की व्यापक रूप से सराहना की गई। वहीं क्लब एक्सप्रेसो ने उभरते हुए कवियों को अपनी सुंदर कविताओं के माध्यम से दर्शकों को प्रेरित करने के लिए आमंत्रित किया।

### जिलास्तरीय खेल प्रतियोगिताओं में लक्सर और खानपुर ने मारी बाजी

**संवाददाता** हरिद्वार। भारत सरकार के युवा कार्यक्रम, खेल मंत्रालय की स्वायत्तशासी संस्था नेहरू युवा केन्द्र के तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय खेल प्रतियोगिता के अंतिम दिन वालीबॉल और कबड्डी के फाईनल मैच लक्सर और खानपुर की टीमों के माध्यम खेले गए जिसमें वालीबॉल की प्रतियोगिता में लक्सर की टीम ने खानपुर की टीम को शिकस्त दी और कबड्डी प्रतियोगिता में भी लक्सर की टीम ने अपनी श्रेष्ठता सिद्ध करते हुए खानपुर की टीम को हराया। नेहरू युवा केन्द्र की जिला समन्वयक अंकिता कोठियाल, भाजपा युवा मोर्चा के मंडल अध्यक्ष अमित चौहान, दिनेश कश्यप, समाजसेवी संजय वर्मा, सुशील चौहान, एनवाईके के वालिंटीयर प्रखर कश्यप ने विजेता और उपविजेता टीमों को पुरस्कृत किया।

### गुरुकुल कांगड़ी में ओबसटक्लस ट्रेनिंग एरिया का कुलपति ने किया लोकार्पण

**संवाददाता** हरिद्वार। गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय की नेशनल क्रेडिट कोर की इकाई द्वारा विश्वविद्यालय में ओबसटक्लस ट्रेनिंग एरिया का निर्माण किया गया। जिसका लोकार्पण विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो रूप किशोर शास्त्री द्वारा किया द्यइस उपलक्ष्य पर प्रो शास्त्री ने क्रेडिट्स को बधाई देते हुए कहा कि उत्तराखंड राज्य में सबसे पहले गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय में पगबाधा प्रशिक्षण एरिया का निर्माण किया गया है। अब उत्तराखंड राज्य के सभी विवि ,महाविद्यालय और इंटर कालेज के एनसीसी के क्रेडिट्स यहाँ पर ट्रेनिंग लेने आया करेंगे।